ई-मेल-cfaligarh@gmail.com.

कार्यालय वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

(अनूपशहर रोड कासिमपुर मोड़, छेरत, अलीगढ़, पिन-202122, दूरभाष-0571-2960088)

पत्रांक 2779/14-1 अलीगढ़, दिनाँक, मार्च: 28 ,2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम-1980,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषयः- **कार्योपरान्त स्वीकृति (Ex-post Facto) के अन्तर्गत जनपद अलीगढ़ में अलीगढ़-मथुरा रोड (एन0एच0-80) किमी0 05 दायीं पटरी खसरा सं0-30 ग्राम-दौलतादाबाद, तहसील-कोल, जनपद-अलीगढ़ में इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के नवीन रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.07595 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना पातन के गैर वानिकी प्रयोग के अनुमति के सम्बन्ध में। (ऑन लाइन प्रस्ताव संख्या-FP/UP/Others/26736/2017)**

सन्दर्भः- उप सचिव उ0प्र0 उ0प्र0 शासन की शासकीय पत्र संख्या 3733/14-10 दिनांक 22.03.2023 व आपका पत्रॉक 2880/11-सी-FP/UP/Others/26736/2017 दिनांक 27.03.2023 तथा प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग अलीगढ़ का पत्रॉक-3733/14-10 दिनांक 22.03.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव में उ0प्र0 उ0प्र0 शासन के संदर्भित शासकीय पत्र पत्र से लगायी गयी आपत्ति का निराकरण कर, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग अलीगढ़ के पत्रॉक-3733/14-10 दिनांक 22.03.2023 से वॉच्छित आख्या/सूचना संलग्न कर संस्तुति उपलब्ध करायी गयी है, जो कि निम्नवत संस्तुति सहित 03 प्रति में संलग्न कर प्रेषित है-

क्र0सं0	आपत्ति	उत्तर
1	दिनांक 16.12.2022 में संलग्न अभिलेखों के अनुसार तत्कालीन अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अलीगढ को भी दोषी बताया गया है, किन्तु इनके विरूद्ध कार्यवाही कर कोई प्रस्ताव शासन को नहीं उपलब्ध कराया गया है ?	अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, अलीगढ के पत्र संख्या-1284/जि0पू0अ0/एन0ओ0सी0/13 दिनांक 25.11.2013 (संलग्नक-1) द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र के अध्ययन से ज्ञात होता है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र में रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रदान की गयी है। रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में अनापत्ति का कोई उल्लेख अनापत्ति प्रमाण पत्र में नहीं किया गया है। अतः प्रकरण में तत्कालीन अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अलीगढ द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के उल्लंघन हेतु दोषी नहीं है। अतः कोई कार्यवाही किया जाना उचित नहीं होगा।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

भवदीया,

(अदिति शर्मा)
वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

पत्रांक /14-1 दिनांकित।

प्रतिलिपि-प्रबन्धक (रिटेल सेल्स), इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि0 (एम0डी0), मुरादाबाद मंडल कार्यालय, कोल्ड स्टोरेज के सामने दिल्ली रोड़, एन0एच0-24, पोस्ट पकवाड़ा, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि-प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग अलीगढ़ को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में प्रेषित।

(अदिति शर्मा)
वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

Local D/Dman/Land Trsfr/Aligarh/Proposal no. FP UP Others 26736 of 2017 Daulatabad